# बैंकों की हड़ताल से दो दिन में 20 हजार करोड़ का कारोबार बाधित

## संसद में बैंकों के निजीकरण से जुड़ा विधेयक लाने के विरोध में जारी है आंदोलन

**जयपुर** (कासं)। केन्द्र सरकार द्वारा संसद के शीतकालीन सत्र में बैंकों के निजीकरण संबंधी विधेयक लाए जाने के विरोध में यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियंस से जुड़े प्रदेश में 4 हजार शाखाओं में कार्यरत करीब 25 हजार कर्मचारी और अधिकारी शुक्रवार को दूसरे दिन की हड़ताल में भी शामिल हुए।

यूनाइटेड फोरम के संयोजक महेश मिश्रा

- **राज्य के 6650 एटीएम में से अधिकांश में नकदी खत्म हुई, हड़ताल के कारण दुबारा कैश नहीं भरा गया**

ने बताया कि इस हड़ताल के कारण सरकारी बैंकों के ताले तक नहीं खुले और इसके साथ ही 6650 एटीएम में से अधिकांश एटीएम जो खाली हो गए, उनमें दोबारा कैश नहीं भरा गया। हड़ताल के चलते दो दिन में 20 हजार करोड रुपए का कारोबार बाधित हुआ। हड़ताल में सफाई कर्मचारी से लेकर सहायक महाप्रबंधक तक शामिल है। हड़ताली संगठन जिनमें एआईबीए आईबॉक,एनसीबीई, एआईबीओए, बैफी, तथा इनबॉक अपने अधिकारी व कर्मचारी सदस्यों के साथ प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। वहां पहुंचकर निजीकरण तथा सरकार की जनविरोधी एवं श्रमिक विरोधी नीतियों के विरोध में नारे लगाए। मिश्रा ने बताया कि दो दिन की हड़ताल के बाद शीघ्र ही यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें आगामी आंदोलन की रूपरेखा एवं तारीख निश्चित की जाएगी।

हड़ताल के समर्थन में भारतीय जीवन बीमा निगम एम्पलॉइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व नॉर्थन जोन के अध्यक्ष आर. सी.शर्मा भी उतरे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 157 लाख करोड़ रुपये आम जनता का जमा है, उसका कस्टोडियन कौन होगा? क्योंकि पूर्व में भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से बड़े कॉरपोरेट्स ने करोड़ों रुपया उधार लिया, जिसे आज तक नहीं चुकाया। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक जो केन्द्र सरकार की जन समर्थित नीतियों को लागू करते हैं, उनका निजीकरण के बाद क्या होगा? बैंकों द्वारा वितरित की जाने वाली पेंशन तथा छोटे बचत वाले खाते क्या भविष्य में भी जारी रह सकेंगे? यह भी एक ज्वलंत प्रश्न है ।

सभा को बेफी के प्रदेश महासचिव जी.एन.पारीक, सूरजभान सिंह आमेरा, महेश शर्मा, रामअवतार जाखड़, विनय भल्ला, यशवंत भारद्वाज, नरेश शर्मा, लोकेश मिश्रा और अरुण कूलवाल ने संबोधित किया ।






केन्द्र सरकार द्वारा संसद में बैंकों के निजीकरण संबंधी विधेयक लाए जाने के विरोध में यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियंस से जुड़े प्रदेश में 4 हजार शाखाओं की शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन हड़ताल रही। इन बैंकों में कार्यरत करीब 25 हजार कर्मचारी और अधिकारी विरोध-प्रदर्शन में शामिल हुए। फोटो-राष्ट्रदूत

# बदरवास रोड से जुड़े अवमानना के मामले में हाईकोर्ट में पेश हुए जेडीसी

जयपुर, (का.सं.)। गोपालपुरा बाईपास पर बदरवास और धर्म नगर से गुजर रही अस्सी फीट चौडी रोड को लेकर दायर अवमानना याचिका में जेडीसी गौरव गोयल और जोन उपायुक्त हाईकोर्ट में पेश हुए। जेडीसी की ओर से अदालती आदेश के पालन में हुई देरी पर बिना शर्त माफी मांगते हुए सर्वे रिपोर्ट व नक्शा पेश किया। वहीं एएजी अनिल मेहता ने कहा कि अदालती आदेश की पालना कर दी है और मौके का सर्वे कर नक्शा बना दिया है। इसका विरोध करते हुए बदरवास विकास समिति के अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने कहा कि जेडीए ने नक्शा गलत बनाया है।

- **जेडीए आयुक्त की ओर से अदालती आदेश की पालना में हुई देरी पर बिना शर्त माफी मांगते हुए सर्वे रिपोर्ट व नक्शा पेश किया गया**
- **जिसका विरोध करते हुए बदरवास विकास समिति के अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने कहा कि जेडीए ने नक्शा गलत बनाया है। इस पर अदालत ने कहा कि अगर वह जेडीए द्वारा बनाए गए नक्शे से व्यथित है तो अलग से कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है।**

अदालत ने दोनों पक्षों को सुनकर विकास समिति को कहा कि यदि वह जेडीए द्वारा बनाए गए नक्शे से व्यथित है तो अलग से कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव व वीके भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश बदरवास विकास समिति की अवमानना याचिका पर दिया। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने 16 अगस्त 2019 को जेडीए को आदेश दिए थे कि वह दो महीने में गोपालपुरा बाईपास पर बदरवास व धर्म नगर से गुजर रही 80 फीट चौडी रोड की चौड़ाई कम करे बिना उसका लेआउट प्लान बनाए और इसमें किसी भी परिस्थिति में रोड की चौड़ाई कम नहीं की जाए, लेकिन जेडीए ने अदालती आदेश का पालन नहीं किया। जिसे अवमानना के याचिका के जरिए चुनौती दी थी। अदालत ने मामले में आदेश का पालन नहीं होने पर जेडीसी को हाजिर होने का निर्देश दिया था। दरअसल विकास समिति ने हाईकोर्ट में पीआईएल दायर कर कहा था कि बदरवास के पास स्थित धर्म नगर में 80 फीट चौड़ी सेक्टर रोड पर अतिक्रमण हो गया है, लेकिन जेडीए ने भूखंड धारकों से मिलीभगत कर उनका नियमन कर दिया। इसलिए जेडीए को रोड का लेआउट प्लान बनाने का निर्देश दिया जाए।

# इंडिया ट्रेवल मार्ट का शुभारंभ

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्य पर्यटन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों, कई वरिष्ठ व्यक्तियों, देश के ट्रेवल व ट्रेड व्यवसाय के लोगों, ट्रेवल एजेंटों, टूर ऑपरेटरों तथा होटल व्यवसायियों की उपस्थिति में आज भारत के अग्रणी ट्रेवल एवं टूरिज्म शोकेस व कॉन्क्लेव- इंडिया ट्रेवल मार्ट (आई.टी.एम.), जयपुर की शुरूआत हुई। बी.एम. बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय आईटीएम, जयपुर का निदेशक, पर्यटन निशांत जैन, (आईएएस) ने उद्घाटन किया। यह बी2बी ट्रेवल एवं टूरिज्म शोकेस व कॉन्क्लेव 19 दिसंबर तक चलेगा।

इस आयोजन में पर्यटन मंत्रालय, गुजरात पर्यटन, राजस्थान पर्यटन, तमिलनाडु पर्यटन, मध्यप्रदेश पर्यटन, गोवा पर्यटन, हिमाचल प्रदेश पर्यटन, उत्तराखंड पर्यटन, जम्मू व कश्मीर पर्यटन, पंजाब पर्यटन सहित बड़ी संख्या में राज्यों की भागीदारी है। इनके अलावा सम्पूर्ण भारत से निजी भागीदारी भी देखने को मिल रही है, जिनमें द साल वुड फॉरेस्ट रिट्रीट, स्पा, ओमेगा होटल्स, होटल पार्क प्राइम जयपुर, होटल क्लेरियन बेला कासा जयपुर (हॉस्पिटेलिटी पार्टनर), बीएचटी ग्रुप ऑफ होटल्स तथा तलाई बाग पैलेस कुछ प्रमुख नाम हैं।

आईटीएम के प्रबंध निदेशक, अजय गुप्ता ने बताया कि आगामी सर्दियों और नववर्ष के सीजन को देखते हुए जयपुर और आसपास के शहरों के लोगों को विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए पैकेज भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस शोकेस व कॉन्क्लेव के आयोजन का मूल उद्देश्य दुनिया भर में पर्यटन के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है।



बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित किए जा रहे इंडिया ट्रेवल मार्ट का उद्घाटन शुक्रवार को पर्यटन निदेशक निशांत जैन ने किया।

# हेल्थ और वेलबीइंग की दिशा में लोगों को जागरूक करना जरूरी

## वर्ल्ड हैल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल का आगाज

**जयपुर,** (का.सं.)। वर्ल्ड हैल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल का आगाज आज जयपुर में हुआ। एचएच आचार्य लोकेश मुनि, अन्नू कपूर, मिकी मेहता और पं सुरेश मिश्रा ने इसका उद्घाटन किया। अभिनेता, गायक अन्नू कपूर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। इस मौके पर आचार्य डॉ. लोकेश मुनी ने होलिस्टिक वेलबीइंग के महत्व और शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक वेलबीइंग को समान महत्व दिए जाने को कहा। उन्होंने कहा कि इस महामारी के बाद के समय में हेल्थ और वेलबीइंग की दिशा में आम लोगों को जागरूक करना जरूरी है, क्योंकि अब मानसिक और शरीर से जुड़ी बीमारियों में वृद्धि देखी गई है। वेलबीइंग का मतलब बस फिजिकल हेल्थ नहीं होता है बल्कि इसमें मानसिक और व्यवहार भी शामिल होता है।

- **कार्यक्रम में पहले दिन युवाओं की मेंटल हैल्थ पर बात हुई**

डॉ. शिव गौतम, अमित अग्रवाल और डॉ जयश्री पेरीवाल ने केज्ड यूथ के मुद्दे पर चर्चा की। इस सत्र में यंग जेनरेशन को आगे बढ़ने और बेहतर करने के लिए एक खुला और उदार माहौल तैयार करने के महत्व पर जोर दिया गया। बेवजह की उम्मीदों का बोझ डालना और सामाजिक दबाव युवाओं को वो करने से रोक सकता है जो वो कर सकते हैं। युवा लोगों को एक एक माहौल की जरूरत है जहां वो बंधे-बंधे न महसूस कर आजाद महसूस करें।

इस आयोजन में 100 से ज्यादा विशेषज्ञ चर्चा के लिए मौजूद हैं। एक सत्र में डॉ. आदित्य सोरल, डॉ. आशीष मित्तल और डॉ. विक्रम शर्मा ने रिलेक्स करने और फिर से तैयार होने के लिए शरीर को समय देने के महत्व पर जोर दिया। इसमें खेल के बीच में ब्रेक के महत्व और चोट लगे रहने या दर्द रहने पर क्यों आगे न खेलें इस पर बताया गया। उन्होंने इन चोटों से बचने और जब चोट लग जाए तो क्या करें इस पर सुझाव भी दिए। वहीं डॉ बलविंदर ठक्कर, डॉ. संदेश मायेकर और डॉ. अश्विन जावडेकर ने हेल्दी स्माइल्स फॉर हेल्दीलिविंग पर एक सत्र आयोजित किया। इस सत्र में स्वस्थ दांतों और स्वस्थ मसूड़ों के महत्व और व्यक्ति के सामान्य स्वास्थ्य के साथ इसके संबंध पर बताया गया। दांतों का अच्छा रहना न केवल एक आकर्षक पर्सनल्टी के लिए जरूरी है बल्कि बीमारी से दूर एक हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए भी यह जरूरी है।

# पुलिस उपाधीक्षक स्तर के 232 अफसरों के तबादले

**जयपुर,** (कासं)। पुलिस महानिदेश एमएल लाठर ने शुक्रवार को पुलिस महकमें में बड़ा फेरबदल किया है। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक स्तर के 232 अधिकारियों के तबादले किए हैं।

आदेश के अनुसार इनमें प्रोबेशन पीरियड में चल रहे 64 आरपीए को फील्ड पोस्टिंग दी गई है। वहीं आरपीएस अशोक कुमार चौहान को दूदू, आलोक कुमार को एसीपी वैशाली नगर, चंद्रसिंह रावत को एसीपी आमेर, हवा सिंह को एसीपी आदर्श नगर, मेघचंद मीणा एसीपी बस्सी, शिवकुमार भारद्वाज को वृत्ताधिकारी जमवारामगढ़, महावीर सिंह को एसीपी माणक चौक, महेन्द्र कुमार गुप्ता एसीपी शास्त्री नगर, प्रमोद कुमार स्वामी एसीपी झोटवाड़ा, देवी सहाय मीणा एसीपी मानसरोवर, जुल्फिकार एसीपी सदर, दरजा राम बोस एसीपी ट्रेफिक साउथ, श्याम सुंदर सिंह एसीपी ट्रेफिक वेस्ट, नेमीचंद खारिया एसीपी ट्रेफिक नोर्थ, ओमप्रकाश सोलंकी एसीपी ट्रेफिक, सुरेश सांखला एसीपी कोतवाली, देवेन्द्र सिंह एसीपी बगरू, रामनिवास विश्नोई एसीपी सांगानेर, केके अवस्थी एसीपी चाकसू, राजकंवर एसीपी कंट्रोल रुम, रणवीर सिंह एसीपी महिला सेल, धर्मेन्द्र कुमार एसीपी मेट्रो और संजय आर्य उपाधीक्षक एसएचओ साइबर थाना लगाया गया है।

# सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंडक

**जयपुर**। राजस्थान में हिमालय की तरफ से आने वाली उत्तरी हवाओं का प्रभाव शुरू हो चुका है, परिणामस्वरूप राजधानी जयपुर में बीते 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार 20-21 दिसम्बर को भी कहीं-कहीं शीतलहर दर्ज की जाएगी। शुक्रवार को राज्य के उत्तरी भागों में ठंडक व कोहरा दिखा।

# जयपुर के अजीत सोनी को ग्लोबल फेम अवॉर्ड-2021 से नवाजा

**जयपुर** । शहर के अजित सोनी को कोविड की महामारी में घरो में उत्कृष्ट मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए ग्लोबल फेम अवॉर्ड 2021 से सम्मानित किया गया। कोलकाता के होटल हॉलिडे इन में आयोजित एक समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री बिपाशा बासु ग्रोवर द्वारा यह पुरस्कार मेडीलाइव होम हेल्थ केयर संस्था के डायरेक्टर अजीत सोनी को दिया गया।

## सार-समाचार


### युवती से दुष्कर्म करने वाला दबोचा


**जयपुर** (कासं)। महिला को शादी करने का झांसा देकर कई महीनों तक दुष्कर्म करने वाले आरोपी को हरमाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह पिछले करीब छह महीनों से गुजरात में फरारी काट रहा था। डीसीपी (पश्चिम) ऋचा तोमर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नरेंद्र सिंह (29) सीकर जिले में राणोली तहसील के रलावता गांव का रहने वाला है। वह पिछले कुछ अरसे से जयपुर में हरमाड़ा क्षेत्र में एक कॉलोनी में किराए से रह रहा था। यहां प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था। इस संबंध में 25 साल की एक युवती ने हरमाड़ा थाने में गत 16 अगस्त को केस दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि नरेंद्र सिंह उनके मकान में किराए से रहता था। आपसी मेलजोल और बाचतीत से नजदीकियां बढ़ने लगी। तब नरेंद्र ने प्यार का नाटक करते हुए युवती से शादी करने की बात कही। इस तरह बातों में फंसाकर नरेंद्र सिंह ने मौका पाकर दुष्कर्म किया। करीब एक साल तक देह शोषण का यह सिलसिला चलता रहा। जब युवती ने शादी करने का दबाव डाला तब नरेंद्र सिंह रातोंरात सामान समेटकर भाग निकला। वह करीब दो महीनों तक कमरे पर वापस नहीं लौटा और न ही युवती से संपर्क किया। इस पर पीड़िता ने हरमाड़ा थाने पहुंचकर केस दर्ज करवाया। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल की तब छह महीने से फरार आरोपी के गुजरात में छिपे होने का पता चला। आखिरकार, पुलिस टीम ने नरेंद्र सिंह को पकड़ा और उसे जयपुर ले आए। पुलिस अब उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करने में जुटी है।

### ब्यूटी पेजेंट में मॉडल्स का सम्मान होगा

**जयपुर** (कासं)। ब्यूटी पेजेंट, फैशन वीक और अवार्ड शो "फॉरएवर मिस एन्ड मिसेज इंडिया 2021" का आगाज शुक्रवार को जयपुर की होटल मैरियट में हुआ। यह समारोह 20 दिसंबर तक चलेगा। समारोह के पहले दिन रंग-बिरंगी शाम में अलग-अलग जगह से आईं सिटी विनर्स की क्राउनिंग सेरेमनी हुई। आयोजक राजेश अग्रवाल ने बताया कि यह चार दिन का मेगा फैशन इवेंट है। जिसमें पहली बार किसी मंच पर 300 मॉडल्स की क्राउनिंग व 250 अवार्डीज को एक साथ सम्मानित किया जा रहा है। इस पूरे कार्यक्रम में मॉडल्स की क्राउनिंग को तीन कैटेगरीज में बांटा गया है, जिसमें सिटी, स्टेट व नेशनल विनर्स शामिल हैं। विनर्स को वर्चुअल तरीके से ट्रेनिंग दी गई थी, जिसमें लंदन फैशन वीक के कोरियोग्राफर उत्सव ढोलकिया समेत अन्य ग्रूमर्स शामिल थे। शुक्रवार को पहले दिन 100 सिटी विनर्स की क्राउनिंग की गई है। इसके साथ ही विनर्स ने डिज़ाइनर ड्रेसेज में रैंप वॉक कर अपने टैलेंट व खूबसूरती को भी सबके सामने शोकेस किया। कल स्टेट विनर्स व परसों नेशनल विनर्स की क्राउनिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद आखिरी दिन 20 दिसंबर को अवॉर्ड शो के दौरान 250 से अधिक लोगों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

### प्रतीक अध्यक्ष, राहुल सह अध्यक्ष बने





**जयपुर** (कासं)। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) से जुड़े यंग इंडियंस (वाई.आई.) के जयपुर चैप्टर ने अपने नये पदाधिकारियों की घोषणा की है। बैठक में प्रतीक अग्रवाल को अध्यक्ष और राहुल सिंघी को सह अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। दोनों ही पदाधिकारियों ने जयपुर चैप्टर के समावेशी विकास पर अपने विचार साझा किये। प्रतीक मिनरल्स के प्रोपराइटर प्रतीक अग्रवाल पिछले छह वर्षों से वाई.आई. के सक्रिय सदस्य है। इसी प्रकार राहुल सिंघी वास्तुकार है, जो कि दूसरी पीढ़ी के शिक्षा-उद्यमी और काम पर नवाचार तलाशने वाले आशावादी व्यक्ति है।

### टैक्स चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**जयपुर** (कासं)। सीजीएसटी की कर अपवंचना शाखा ने 7 फर्जी फर्मों का संचालन करके टैक्स चोरी करने के मामले में जयपुर के प्रताप नगर स्थित कुंभा मार्ग निवासी आरोपी आशीष खंडेलवाल को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने करीब 3.15 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की है। फिलहाल विभाग की टीम आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।


# गुब्बारों में हवा भरने वाला सिलेंडर फटा, दो घायल

**जयपुर** (कासं)। विद्याधर नगर इलाके में शुक्रवार को गुब्बारों में गैस भरने वाला सिलेंडर फट गया। हादसे में नजदीक ही खेल रहे एक दो साल का बच्चा और 8 साल की बच्ची घायल हो गई। इनमें गंभीर रुप से जख्मी बच्ची को एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया।

जानकारी के अनुसार यह हादसा पुराना विद्याधर नगर में डी ब्लॉक में हुआ। दोपहर करीब 12:30 बजे एक व्यक्ति कॉलोनियों में गैस के गुब्बारे बेचने घूम रहा था। जिसकी साइकिल पर लोहे का एक सिलेंडर भी लटका हुआ था। वह व्यक्ति डी ब्लॉक में पहुंचा। वहां संकरी गली में एक मकान के बाहर खड़ा होकर गुब्बारों में सिलेंडर से हवा भर रहा था। तभी गैस से भरा सिलेंडर फट गया। धमाके की आवाज से लोगों में दहशत हो गई। वे दौड़कर मौके पर पहुंचे। ब्लास्ट से गैस का सिलेंडर फटकर नाली में जा गिरा। गुब्बारे वाले की साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के वक्त पास ही खड़े 2 साल के राज के हल्की चोट आई। जबकि 8 साल की आयशा भी जख्मी हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। इससे पहले लोगों ने जख्मी बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। 2 साल के राज को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। फिलहाल गुब्बारे बेचने वाले का पता नहीं चला है।

# प्रदेश में साढ़े तीन लाख लोगों को लगी कोविड वैक्सीन

**जयपुर,** (कासं)। प्रदेश में शुक्रवार को साढ़े तीन लाख से ज्यादा लोगों को कोविड टीके लगाए गए। इसके साथ ही राज्य में अब तक 7.61 करोड़ लोगों को टीके लगाए जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रदेश में शुक्रवार को 3 लाख 59 हजार 311 लोगों का कोविड वैक्सीनेशन किया गया है। इसमें 76 हजार 177 लोगों को पहली तथा 2 लाख 83 हजार 134 लोगों को दूसरी डोज दी गई। इनमें 18 प्लस वाले 59 हजार 618 को पहली और 2 लाख 2 हजार 188 लोगों को दूसरी खुराक दी गई। वहीं 45 साल से अधिक उम्र वाले 16544 लोगों को पहली और 79414 लोगों को दूसरी डोज लगाई गई है।



कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के निर्देशानुसार सवाईमाधोपुर के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील शर्मा को उत्तरप्रदेश चुनाव-2022 का राष्ट्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपने यू.पी. प्रवास के दौरान सहसहयोगी जयपुर के प्रसिद्ध डॉक्टर डॉ. हिमांशु वशिष्ठ के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेशाध्यक्ष अजय सिंह के साथ शिष्टाचार भेंट की और चुनावों कें संबंध में चर्चा की। कहा जा रहा है कि सुनील शर्मा बीते कई वर्षों से प्रियंका गांधी के विश्वासपात्रों में से एक हैं।

# जयपुरिया अस्पताल में मॉडल व्हीलचेयर क्लिनिक बनाने की पहल शुरू

**जयपुर,** (कासं)। जयपुर सिटीजन फोरम और जयपुरिया अस्पताल ने मोटिवेशन इंडिया के सहयोग से प्रोजेक्ट "जेसीएफ-विराज" नाम से एक नई पहल शुरू की। यह परियोजना विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशानिर्देशों के अनुसार पूरी तरह सुसज्जित मॉडल व्हीलचेयर क्लिनिक बनाने पर केंद्रित है। आने वाले तीन वर्षों में यह परियोजना 600 विकलांग बच्चों और वयस्कों को व्हीलचेयर प्रदान करने की इच्छा रखती है। उद्देश्य है कि लोगों को न केवल व्हीलचेयर मिले, बल्कि उन्हें सही व्हीलचेयर मिले, जो स्वास्थ्य और गतिशीलता के लिए आवश्यक है।

गजानंद शर्मा, आयुक्त और विशेष सचिव, विशेष रूप से विकलांग व्यक्ति निदेशालय ने कहा, व्हीलचेयर प्रावधान में महत्वपूर्ण कारक उपयोगकर्ता और अनुकूलन के लिए व्हीलचेयर की उपयुक्तता है। यह परियोजना ठीक इन्हीं पहलुओं पर केंद्रित है। सरकार के विशेष रूप से विकलांग व्यक्ति निदेशालय। राजस्थान सरकार इस परियोजना के लिए पूरा सहयोग देगी।" जयपुरिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अशोक गुप्ता ने कहा, हमें खुशी है कि हमने राजस्थान में जयपुरिया अस्पताल से इस परियोजना की शुरुआत की है। अगले 3 वर्षों में हम सरकारी पुनर्वास पेशेवरों की क्षमता और क्षमता के निर्माण और एक स्थायी प्रणाली बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। आखिरकार हम गतिशीलता में कमी के लिए एक मॉडल क्लिनिक बनाना चाहते हैं, जो राजस्थान और उसके बाहर दीर्घकालिक समाधान से सभी प्रकार की गतिशीलता की कमी को पूरा करता है। जयपुर सिटीजन फोरम के अध्यक्ष राजीव अरोडा ने कहा, हमें बहुत खुशी है कि यह अनूठी पहल जयपुर में शुरू हो रही है और इससे न केवल जयपुर के नागरिकों को लाभ होगा बल्कि अन्य राज्यों के लिए भी एक उदाहरण होगा।



जयपुर सिटीजन फोरम और जयपुरिया अस्पताल ने मोटिवेशन इंडिया के सहयोग से प्रोजेक्ट 'जेसीएफ-विराज' का शुभारंभ किया।

# माइक्रोन्यूरो सर्जरी से महिला का ब्रेन ट्यूमर निकाला

**जयपुर**। राजस्थान अस्पताल की टीम ने माइक्रो न्यूरोसर्जरी से एक 40 वर्षीय महिला के ब्रेन से बड़ ट्यूमर निकाला है। इस महिला के नाक के रास्ते दिमाग के पिट्युटरी ट्यूमर का ऑपरेशन पहले हो चुका था, लेकिन यहां दुबारा ट्यूमर बन जाने के कारण रीडूसर्जरी की जरूरत पडी। ऐसे में पहले जिस सेंटर पर ऑपरेशन हुआ, वहां के अलावा शहर के कई न्यूरोस्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने ऑपरेशन से मना कर दिया। इसके बाद मरीज राजस्थान अस्पताल लाई गई थी। उस दौरान लकवे के कारण मरीज के हाथ पैरों ने काम करना कम कर दिया था। आंखों से भी दिखाई देना बहुत कम हो गया था। जांच में पता चला कि मरीज के दिमाग़ में दुबारा विकसित ट्यूमर पहले से तीन गुणा ज़्यादा बडा लगभग 6 सेमी का हो गया है। इस टयूमर ने मरीज के दिमाग की मुख्य धमनी और नसों को चारों और से घेर लिया था। राजस्थान अस्पताल में कार्यरत बरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. अनिल कोठीवाला ने बताया कि इस केस में यह प्रोसीजर करीब 8 घंटे चला। ऑपरेशन के तुरंत बाद मरीज को होश आ गया।

# 'पांच करोड़ के विकास कार्यों की मंजूरी यूडीएच मंत्री से लेने का आदेश अलोकतांत्रिक'

**जयपुर** । जयपुर ग्रेटर के उपमहापौर पुनीत कर्णावत ने कहा कि " राज्य की सभी 213 नगरीय निकायों में 5 करोड़ व उससे अधिक के कार्यों के लिए तकनीकी स्वीकृति जारी करने से पहले यूडीएच मंत्री की स्वीकृति लेने का अनिवार्यता आदेश अलोकतांत्रिक है।"

- **स्थानीय निकायों के प्रशासनिक व वित्तीय अधिकारों का हनन करके लोकतंत्र को कमजोर कर रही है सरकार : कर्णावत**

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निरंतर दखलन्दाजी करके स्थानीय निकायों को पंगु बनाने का प्रयास कर रही है, जो कि अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। स्थानीय निकायों के प्रशासनिक व वित्तीय अधिकारों का हनन करके सरकार लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है। इससे निकायों के गठन का उद्देश्य ही खतरे में पड़ गया है। कर्णावट ने कहा कि स्थानीय निकाय जनता से चुनकर आए प्रतिनिधियों की एक स्वतंत्र स्वायत्तशासी संस्था है। जनता की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुरूप जनहित के मुद्दों पर चर्चा के बाद बोर्ड द्वारा प्रशासनिक व वित्तिय स्वीकृति के पश्चात तकनीकी स्वीकृति मिलने पर वार्डों में विकास कार्य किए जाते हैं। लेकिन राज्य सरकार के आदेश के बाद बोर्ड द्वारा जारी स्वीकृत कार्यों की क्रियान्विति से पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री से स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा। इससे प्रक्रिया में अत्यधिक समय तो लगेगा ही साथ ही नगर निकायों का औचित्य ही गौण हो जाएगा। पुनीत कर्णावट ने कहा कि सरकार के बेवजह दखल से प्रक्रिया में अत्यधिक समय खर्च होगा, जिसका खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ेगा, इसलिए राज्य सरकार को स्थानीय निकायों के अधिकारों में अनावश्यक दखलन्दाजी तुरन्त बंद करनी चाहिए।